संपादकीय

# पुतिन की वचनबद्धता खत्म

रूस ने अपनी तरफ से परमाणु अस्त्र ना दागने की वचनबद्धता खत्म कर दी है। इसकी जगह अब प्रावधान किया है कि जब रूस "नाटो के हमलों" से खुद को खतरे में पाएगा, वह अपनी तरफ से परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करेगा।

इस हफ्ते की दो घटनाओं ने तीसरे विश्व युद्ध को दुनिया के और करीब ला दिया है। पहले अमेरिका में निवर्तमान जो बाइडेन प्रशासन ने यूक्रेन को रूस के खिलाफ एटीएसीएमसी मिसाइलों के इस्तेमाल का अधिकार दे दिया।

उसकी प्रतिक्रिया में रूस के राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन ने देश का परमाणु अस्त्र सिद्धांत बदलने के आदेश पर दस्तखत कर दिए। अमेरिका ने जब इन मिसाइलों की सप्लाई यूक्रेन को की थी, तभी पुतिन सरकार रूस की संसद ड्यूमा से परमाणु सिद्धांत में परिवर्तन का प्रस्ताव पारित करा लिया था। एटीएसीएमसी अति-आधुनिक मिसाइलें हैं, जिनसे दुश्मन को भारी क्षति पहुंचाई जा सकती है।

रूसी विशेषज्ञों के मुताबिक इन मिसाइलों को संचालित करने की क्षमता यूक्रेन के सैनिकों में नहीं है, इसलिए इन्हें चलाने के लिए विशेषज्ञ सैनिक भी नाटो के सदस्य देशों से भेजे गए हैं।

पुतिन ने कहा था कि इन मिसाइलों से हमले का मतलब नाटो सेनाओं की यूक्रेन में सीधी भागीदारी होगी, जिससे पौने तीन साल से जारी इस जंग का स्वरूप बदल जाएगा।

तब रूस यह मानेगा कि उसकी सीधे नाटो से जंग चल रही है। इस क्रम में नाटो के हर सदस्य देश उसके निशाने पर होंगे। परमाणु सिद्धांत में परिवर्तन के तहत रूस ने अपनी तरफ से परमाणु अस्त्र ना दागने की वचनबद्धता खत्म कर दी है।

इसकी जगह अब प्रावधान किया है कि जब रूस "नाटो के हमलों" से खुद को खतरे में महसूस करेगा, वह अपनी तरफ से परमाणु हथियार का इस्तेमाल करेगा। इस तरह यूक्रेन युद्ध ने बेहद गंभीर और खतरनाक रूप ले लिया है।

राहत की बात सिर्फ यह है कि अमेरिका में निर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की टीम ने एटीएसीएमसी मिसाइलों के इस्तेमाल की इजाजत देने के बाइडेन प्रशासन के निर्णय की आलोचना की है। ऐसे में यह संभव है कि कोई अत्यंत खतरनाक कदम उठाने से पहले रूस अगले 20 जनवरी को ट्रंप के ह्वाइट हाउस में प्रवेश का इंतजार करे।

ट्रंप ने यूक्रेन युद्ध रोकने का इरादा जताया हुआ है। वे अपने इस चुनावी वादे पर कायम रहे, तो दुनिया महाविनाश से बच जाएगी। वरना, संभावित स्थितियों की कल्पना भी भयावह लगती है।

# आरबीआई एमपीसी, पीएमआई और वैश्विक आर्थिक आंकड़ों से अगले हफ्ते तय होगी शेयर बाजार की चाल

**नई दिल्ली**



शेयर बाजार का रुख अगले हफ्ते होने वाली भारतीय रिजर्व बैंक मौद्रिक नीति कमेटी (आरबीआई-एमपीसी) की बैठक, मैन्युफैक्चरिंग और सर्विसेज पीएमआई का डेटा और कई वैश्विक आर्थिक आंकड़ों पर निर्भर करेगा।

महाराष्ट्र चुनाव में बीजेपी के नेतृत्व वाले गठबंधन महायुति की जीत से बीता हफ्ता शेयर बाजार के लिए शानदार रहा। इस दौरान निफ्टी 223 अंक या 0.94 प्रतिशत बढक़र 24,131 और सेंसेक्स 685 अंक या 0.87 प्रतिशत बढक़र 79,802 पर बंद हुआ।

हालांकि, वैश्विक अस्थिर के कारण बाजार में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। बैंकिंग शेयरों ने इस रैली में अहम भूमिका निभाई। बैंक निफ्टी 920 अंक या 1.80 प्रतिशत की तेजी के साथ 52,055 पर बंद हुआ। इस दौरान देश के सबसे बड़े निजी बैंक एचडीएफसी बैंक के शेयर ने नया 1,836 रुपये का नया ऑल-टाइम हाई बनाया।

पिछले हफ्ते साप्ताहिक आधार पर विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) द्वारा की जाने वाली बिकवाली में कमी देखने को मिली है। 25 नवंबर से लेकर 29 नवंबर तक एफआईआई द्वारा कैश में 5,026 करोड़ रुपये की बिकवाली की गई। इस दौरान घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) द्वारा 6,924 करोड़ रुपये की खरीदरी की गई।

जियोजित फाइनेंसियल सर्विसेज के रिसर्च प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि बाजार की चाल आने वाले आर्थिक आंकड़ों पर निर्भर करेगी। वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 5.4 प्रतिशत रही है। इसका बाजार का प्रभाव देखने को मिल सकता है, लेकिन निवेशकों की निगाहें आरबीआई एमपीसी पर होंगी। इस बार रेपो रेट यथावत रहने की संभावना है, लेकिन विकास दर कम रहने के कारण केंद्रीय बैंक फरवरी में ब्याज दरों में कटौती के संकेत दे सकता है।

आगे कहा कि अन्य आर्थिक संकेतक जैसे सर्विसेज और मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई डेटा, ऑटो बिक्री और अमेरिकी नौकरी डेटा से बाजार का रुख तय होगा।

मास्टर कैपिटल सर्विसेज के डायरेक्टर, पल्का अरोड़ा चोपड़ा का कहना है कि निफ्टी 23,800 के सपोर्ट के ऊपर बंद हुआ है। यह लगातार दूसरा हफ्ता था, जब निफ्टी सकारात्मक बंद हुआ है। 23,800 से लेकर 23,850 का जोन एक अहम सपोर्ट जोन है। अगर निफ्टी इसके नीचे फिसलता है, तो 23,400 तक जा सकता है। 24,800 के बाद एक रैली देखने को मिल सकती है।

उन्होंने आगे कहा कि बैंक निफ्टी में बीते हफ्ते मजबूती देखी गई और इसने 51,750 से लेकर 51,850 का अपना सपोर्ट जोन तोड़ा नहीं है। अगर बैंक निफ्टी यहां से फिसलता है तो 51,100 तक जा सकता है और 52,400 एक रुकावट का स्तर है। अगर यह इसे तोड़ता है तो 53,000 तक जा सकता है।

# फ्लाइट टिकट हो सकता है महंगा, तेल कंपनियों ने बढ़ा दिया एविएशन फ्यूल का दाम

❐ एयरलाइन्स को बड़ा झटका

**नईदिल्ली**

एयरलाइन्स को महीने के पहले ही दिन झटका लगा है। सरकारी तेल कंपनियों ने आज यानी 1 दिसंबर से एविएशन टर्बाइन फ्यूल के दाम बढ़ा दिये हैं। इससे अब एयरलाइन्स भी हवाई किराये में बढ़ोतरी कर सकती हैं, जिसका सीधा असर यात्रियों पर पड़ेगा। तेल कंपनियों ने 1 दिसंबर से एटीएफ की कीमत को रु.13,181.2 प्रति किलोलीटर बढ़ा दिया है। इससे दिल्ली में एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमत रु.91,856.84 प्रति किलोलीटर हो गई है। इसके अलावा कोलकाता में एटीएफ रु.94,551.63 प्रति किलोलीटर, मुंबई में रु.85,861.02 प्रति किलोलीटर और चेन्नई में ?95,231.49 प्रति किलोलीटर मिल रहा है।

दिसंबर लगातार दूसरा महीना है, जब सरकारी तेल कंपनियों ने एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमतों में इजाफा किया है। पिछले महीने भी एटीएफ की कीमत रु.2,941.5 प्रति किलोलीटर बढ़ाई गई थी। इससे एयरलाइंस का परिचालन खर्च तेजी से बढ़ रहा है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि एटीएफ महंगा होने से एयरलाइन्स हवाई कीमतों में 10 से 15 फीसदी का इजाफा कर सकती हैं। ऐसे में यात्रियों को महंगे में टिकट खरीदना पड़ जाएगा। डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में गिरावट आने से एटीएफ की कीमतों में इजाफा हो रहा है। बता दें कि हवाई फ्यूल की लागत एयरलाइंस के कुल खर्च का करीब 40 फीसदी हिस्सा होती है।

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज भी कोई बदलाव नहीं हुआ है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आज पेट्रोल 94.77 रुपये लीटर पर बिक रहा है। इसके अलावा पटना में 105.58 रुपये प्रति लीटर और चंडीगढ़ में पेट्रोल 94.30 रुपये प्रति लीटर में बिक रहा है। डीजल की बात करें, तो यह दिल्ली में 87.67 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। इसके अलावा डीजल पटना में 92.42 रुपये प्रति लीटर और चंडीगढ़ में 82.45 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है।

## इंग्लिश बल्लेबाज जो रूट ने तोड़ा सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड

**क्राइस्टचर्च।** इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट ने हेगले ओवल में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड की 8 विकेट की जीत के साथ टेस्ट क्रिकेट की चौथी पारी में सर्वाधिक रन बनाने के मामले में भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया।

रूट ने अपनी 22 रन की तेज पारी के दौरान चौथी पारी में तेंदुलकर के 1,625 रनों के आंकड़े को पार किया, जिससे इंग्लैंड ने सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की। वर्तमान में उनके नाम टेस्ट मैचों की चौथी पारी में बनाए गए 1,630 रन हैं।

पिछले महीने रूट जिनके नाम 12, 777 रन हैं, पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान इंग्लैंड के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बने थे और उन्होंने एलिस्टर कुक को पीछे छोड़ दिया था। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने यह उपलब्धि मात्र 147 टेस्ट और 268 पारियों में हासिल की, जबकि कुक ने यह उपलब्धि 161 टेस्ट और 291 पारियों में हासिल की थी।

टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने के मामले में रूट से आगे केवल सचिन तेंदुलकर, रिकी पोंटिंग, दक्षिण अफ्रीका के जैक्स कैलिस और राहुल द्रविड़ ही हैं।

## एसबीआई में बंद पड़े खाते को फिर से शुरू करने का मौका, बैंक ने शुरू किया नया कैंपेन

**नईदिल्ली**

एसबीआई में बंद पड़े सेविंग और करेंट अकाउंट को फिर से शुरू करने का अच्छा मौका है। दरअसल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने निष्क्रिय खातों को सक्रिय करने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया है। बैंक ने कहा कि बचत या चालू खाते को तब निष्क्रिय माना जाता है, जब ग्राहक ने दो साल से अधिक समय तक खाते में कोई लेन-देन नहीं किया हो। एसबीआई ने एक बयान में कहा कि इन खातों को



सक्रिय करने के लिए पुन: केवाईसी (अपने ग्राहक को जानो) प्रक्रिया की आवश्यकता होती है।

खाते में नियमित लेन-देन की आवश्यकता और निष्क्रिय खातों की श्रेणी में आने से रोकना मुख्य संदेश है। एसबीआई के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने पीएमजेडीवाई (प्रधानमंत्री जनधन योजना) खातों को सक्रिय स्थिति में बनाए रखने और ग्राहकों को निर्बाध रूप से लेन-देन करने में सक्षम बनाने के लिए पुन: केवाईसी प्रक्रिया को अक्षरश: लागू करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बैंक प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे इस अंतर को पाटने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करें तथा अंतिम उपभोक्ता तक पहुंचें, जिससे ग्राहक अनुभव बेहतर हो।

कैंपेन की शुरुआत से पहले, एसबीआई ने गुरुग्राम में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया, ताकि आम लोगों को निष्क्रिय खातों को सक्रिय करने के महत्व के बारे में जागरूक किया जा सके। कार्यशाला में पीएमजेडीवाई खातों के महत्व और निष्क्रिय खातों को फिर से सक्रिय करने के महत्व पर जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त, कार्यशाला में ग्राहक सेवा बिंदुओं (सीएसपी) को उनके जोखिम प्रोफाइल के आधार पर वर्गीकृत करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) मॉडल के कार्यान्वयन को प्रदर्शित किया गया। प्रौद्योगिकी का लाभ उठाकर, एसबीआई बैंकिंग उद्योग में जोखिम प्रबंधन और परिचालन दक्षता के लिए एक नया मानक स्थापित कर रहा है, साथ ही नियामक अनुपालन में सुधार और बेहतर ग्राहक सेवा प्रदान कर रहा है।

# जय शाह ने चैंपियंस ट्रॉफी पर फैसले से पहले संभाली आईसीसी की कुर्सी

**दुबई**

आईसीसी के चेयरमैन के रूप में रविवार को अपना कार्यकाल शुरू करने जा रहे जय शाह ने ओलंपिक में खेल की उपस्थिति का लाभ उठाने और दुनिया भर में महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए अपने दृष्टिकोण की रूपरेखा पेश की है।

उन्हें 27 अगस्त, 2024 को आईसीसी का नया चेयरमैन चुना गया था। अब तक जय शाह बीसीसीआई के सचिव के रूप में काम कर रहे थे। वह आईसीसी का चेयरमैन बनने वाले 5वें भारतीय हैं।

36 वर्षीय शाह को ग्रेग बार्कले की जगह लेने के लिए निर्विरोध आईसीसी का नया चेयरमैन चुना गया, जो नवंबर 2020 से इस पद पर हैं। वह इस प्रतिष्ठित पद को संभालने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति बन गए हैं। वह जगमोहन डालमिया, शरद पवार, एन श्रीनिवासन और शशांक मनोहर के बाद आईसीसी चेयरमैन बनने वाले पांचवें भारतीय हैं।



आईसीसी की ओर से जारी एक बयान में शाह ने कहा, मैं आईसीसी अध्यक्ष की भूमिका निभाकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं और आईसीसी निदेशकों और सदस्य बोर्डों के समर्थन और विश्वास के लिए आभारी हूं। यह खेल के लिए एक रोमांचक समय है क्योंकि हम लॉस एंजिल्स 28 ओलंपिक खेलों की तैयारी कर रहे हैं और दुनिया भर के प्रशंसकों के लिए क्रिकेट को अधिक समावेशी और आकर्षक बनाने के लिए काम कर रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा, हम कई प्रारूपों के सह-अस्तित्व और महिलाओं के खेल के विकास में तेजी लाने की आवश्यकता के साथ एक महत्वपूर्ण मोड़ पर हैं। क्रिकेट में वैश्विक स्तर पर अपार संभावनाएं हैं। मैं इन अवसरों का लाभ उठाने और खेल को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए आईसीसी टीम और सदस्य देशों के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं।

क्रिकेट प्रशासन में शाह का सफर 2009 में गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन से शुरू हुआ। अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने अहमदाबाद में नरेंद्र मोदी स्टेडियम के विकास की देखरेख की।

## पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर इयान रेडपाथ का 83 वर्ष की आयु में निधन

**नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट सलामी बल्लेबाज इयान रेडपाथ का 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने रविवार को यह जानकारी दी।

रेडपाथ 1960 और 1970 के दशक में ऑस्ट्रेलियाई टीम का नियमित हिस्सा थे और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट हॉल ऑफ फेम के सदस्य भी थे। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बीच ऑस्ट्रेलिया में शोक की लहर दौड़ गई है। जिलॉन्ग के रहने वाले रेडपाथ ने 66 टेस्ट मैच खेले और 43.45 की औसत से 4737 रन बनाए, जिसमें 8 शतक और 31 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वोच्च स्कोर 171 रहा। उन्होंने 83 कैच पकड़े, जिनमें से अधिकतर स्लिप में थे और उनका प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा।

उन्होंने 1963-64 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के दूसरे मैच में एमसीजी में अपना टेस्ट डेब्यू किया और साथी विक्टोरियन बिल लॉरी के साथ 219 रनों की ओपनिंग साझेदारी में 97 रन का योगदान दिया। रेडपाथ का पहला टेस्ट शतक, एससीजी में वेस्टइंडीज के खिलाफ



आया था।

जल्द ही वह अपने धैर्य और सहनशीलता के चलते ऑस्ट्रेलियाई लाइन-अप भरोसेमंद बल्लेबाज बन गए। उनकी वरिष्ठता और नेतृत्व को तब स्वीकार किया गया जब उन्हें 1974-75 में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान इयान चैपल के साथ उप-कप्तान बनाया गया। इसके बाद भी उन्होंने यह जिम्मेदारी कुछ अन्य सीरीज में भी निभाई।

सीए के अध्यक्ष माइक बेयर्ड ने कहा, इयान एक बहुत ही सम्मानित व्यक्ति थे। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में हर कोई उनके निधन से बहुत दुखी होगा। एक बेहतरीन सलामी बल्लेबाज के रूप में इयान ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के महान युगों में से एक के दौरान राष्ट्रीय टीम का मुख्य आधार थे। अपने साहस, कौशल और शानदार व्यक्तित्व के लिए दुनिया भर में मशहूर थे।

## आज का राशिफल

**मेष:** आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। नौकरी कर रहे लोगों को अपनी नौकरी में उच्च अधिकारियों के द्वारा शुभ समाचार मिलेगा। जो लोग जॉब की तलाश में हैं उनको अच्छा रोजगार मिलने के योग बन रहे हैं।

**वृष:** आज का दिन आपके लिए आनंददायक रहने वाला है। आपको अपनी वाणी की मधुरता को बनाए रखना है, नहीं तो रिश्तो में दूरियां भी देखने को मिल सकता है। आपका पुराना मित्र आपसे मिलने आएगा, जिससे मिलकर अपनी पुरानी यादें ताजा होंगी।

**मिथुन:** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। प्रतिदिन की दिनचर्या में सुबह की सैर को शामिल करेंगे, जिससे आप अपने आप को काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। कोई प्रेरणादाई पुस्तक पढऩा या फिल्म देखना आज के लिए बढिय़ा रहेगा।

**कर्क:** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। परिवार के सभी लोग मिलकर किसी पार्टी में सम्मिलित होंगे, जहां अन्य लोगों से मेल- मिलाप होगा। किसी खास व्यक्ति से हुई मुलाकात से आपका रुका हुआ काम पूरा हो जायेगा।

**सिंह:** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके मकान, प्लॉट, दुकान को खरीदने की इच्छा पूरी होगी। संतान को अच्छी नौकरी मिलने से माता-पिता काफी खुश नजर आएंगे।

**कन्या:** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। आपका धन कहां खर्च हो रहा है। इस पर आपको नजर बनाए रखने की जरूरत है, नहीं तो आने वाले समय में आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है।

**तुला:** आज का दिन आपके लिए बढिय़ा रहने वाला है। आप किसी मनपसंद जगह पर ट्रांसफर ले सकते हैं। आपको उम्मीद से अधिक लाभ की संभावना बढ़ेगी। परिवार में अंडरस्टैंडिंग बढ़ेगी। आज आपके घर पर कोई रिश्तेदार आ सकता है।

**वृश्चिक:** आज आपका दिन आनंद और उत्साह से भरपूर रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप अपने काम में कुछ नए विचार लाएंगे। आपका सकारात्मक रवैया ही आपको नौकरी में तरक्की दिलाएगा।

**धनु:** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपकी धार्मिक कार्यो में रुचि बढ़ेगी। आज आप किसी विशेष काम का हिस्सा बन सकते हैं। लंबे समय से फंसा हुआ धन आज आपको वापस मिल सकता है।

**मकर:** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। यदि आप कंस्ट्रक्शन के बिजनेस जुड़े हुए हैं तो आपके के लिए लाभ के योग हैं आप अपने काम में कुछ परिवर्तन लाने का मन बना सकते हैं।

**कुंभ:** आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज मेहनत का परिणाम आपके फेवर में होगा। आज खुद पर ध्यान देंगे। समाज में आपके सराहनीय काम का सम्मान किया जायेगा।

**मीन:** आज आपका दिन बेहतर रहेगा।आप फाइनेंस डिपार्टमेंट या सेल्स में काम करते हैं तो आपको आपकी नॉलेज से काफी फायदा होगा। वैवाहिक जीवन में कुछ मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

## रिलीज से पहले ही पुष्पा 2 ने तोड़ा 52 साल का यह रिकॉर्ड

पुष्पा 2: द रूल मुंबई के प्रतिष्ठित गेयटी-गैलेक्सी मल्टीप्लेक्स में सभी छह स्क्रीनों पर प्रदर्शित होने वाली पहली फिल्म बनकर एक नया रिकॉर्ड स्थापित करने के लिए तैयार है। फिल्म के हर दिन कुल 18 शो होंगे। इस तरह अल्लू अर्जुन की यह फिल्म सिनेमा जगत में 52 साल के रिकॉर्ड को तोडक़र इतिहास रचने वाली है।

फिल्म की एडवांस बुकिंग को पहले से ही शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है, सीटें तेजी से भर रही हैं। मुंबई में हाल ही में एक कार्यक्रम में, मुख्य अभिनेता अल्लू अर्जुन ने



खुलासा किया कि फिल्म विश्व स्तर पर रिकॉर्ड तोड़ 12,000 से अधिक स्क्रीन पर रिलीज होगी। अब यह गेयटी-गैलेक्सी के सभी छह स्क्रीनों पर प्रदर्शित होने वाली पहली फिल्म है, एक मल्टीप्लेक्स जो आमतौर पर केवल दो या तीन स्क्रीनों पर फिल्में दिखाता है।

पुष्पा 2: द रूल छह सिनेमाघरों में प्रदर्शित की जाएगी जिनमें गेयटी, गैलेक्सी, जेमिनी, गॉसिप, जेम और ग्लैमर शामिल हैं। अतीत में, अधिकांश फिल्में इनमें से केवल दो या तीन थिएटरों में दिखाई जाती थीं। 1000 सीटों वाली गेयटी में दोपहर 1:00 बजे, शाम 5:00 बजे और रात 9:00 बजे शो होंगे, जबकि 800 सीटों वाली गैलेक्सी में दोपहर 12:00 बजे, शाम 4:00 बजे और 8:00 बजे फिल्म दिखाई जाएगी। अन्य थिएटर भी दिन भर में अलग-अलग समय पर फिल्म की मेजबानी करेंगे।

## ज्योति पूर्वाज अभिनीत एक्शन थ्रिलर फिल्म किलर का मोशन आउट

कई हिट धारावाहिकों और फिल्मों में काम कर चुकीं नायिका ज्योति पूर्वाज सोशल मीडिया पर सनसनी बन गई हैं और पूरे भारत में दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। निर्देशक पूर्वाज, जिन्हें शुक्र, मातारानी मौनीदी और ए मास्टरपीस जैसी विविधतापूर्ण फिल्मों के लिए जाना जाता है, अपनी नवीनतम एक्शन थ्रिलर किलर के साथ धूम मचाने के लिए तैयार हैं। टीम ने किलर पार्ट 1: ड्रीम गर्ल के शीर्षक के साथ मोशन पोस्टर का अनावरण किया। मोशन पोस्टर में



एक शक्तिशाली महिला, एक बंदूक और शतरंज के मोहरों को दिखाया गया है, जो एक मजबूत प्रभाव छोड़ते हैं। थिंक सिनेमा और मर्ज एक्सआर के बैनर तले पूर्वाज और प्रजय कामत द्वारा निर्मित, यह फिल्म उनके दूसरे सहयोग को दर्शाती है। पूर्वाज किलर में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## एक्ट्रेस से डायरेक्टर बनीं कैटरीना कैफ

बॉलीवुड एक्ट्रेस कैटरीना कैफ को पिछली बार मैरी क्रिसमस में नजर आई थी. यह फिल्म इसी साल 12 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. हालांकि यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास नहीं चली. लेकिन कैटरीना कैफ की अभिनय को काफी सराहा गया. वहीं, अब कैटरीना कैफ के नए प्रोजेक्ट को लेकर फैंस के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है. लेकिन खास बात ये है कि एक्ट्रेस इस बार डायरेक्टोरियल में डेब्यू करने जा रही हैं.



सोशल मीडिया पर कैटरीना कैफ के अपकमिंग प्रोजेक्ट का एक टीजर वायरल हो रहा है. वायरल टीजर में दमदार वीएफएक्स का इस्तेमाल किया गया है. वायरल वीडियो की शुरुआत एक बर्फीले जगह से होती है, जहां कैटरीना तेज एयर बाइक चलाते हुए नजर आती हैं. इस दौरान कुछ ड्रोन की झलक दिखाई जाती है, जो एक्ट्रेस पर फायरिंग करती हैं. वीडियो के आखिरी में कैटरीना कैफ द्वारा निर्देशित लिखा हुआ आता है. फिलहाल ईटीवी भारत इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है.

कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने इस वीडियो को शियोमी का विज्ञापन बता रहे हैं. एक एक्स (पूर्व में ट्विटर) यूजर ने यह वीडियो साझा करते हुए लिखा है, कैटरीना अपने आगामी शियोमी विज्ञापन में एक्शन अवतार में. एक अन्य यूजर ने लिखा है, मैं इसके लिए काफी एक्साइटेड हूं. कैटरीना जल्द ही शियोमी के लिए आ रही हैं. वायरल हो रहे इस वीडियो की पूरी झलक कब रिलीज होगी और इसका नाम क्या है, इस पर अभी तक कोई भी सामने नहीं आई है. वहीं, कैटरीना कैफ की ओर से भी इस पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है. बता दें कि एक्ट्रेस ने काफी समय से अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है. अब देखना होगा कि एक्टिंग से सबका दिल जीतने वाली कैटरीना अब अपने डायरेक्टोरियल डेब्यू प्रोजेक्ट से कितना धमाल मचाती हैं.

## शब्द सामर्थ्य- 253

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपत्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 252 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | | स | पू | त |
| ल | | ब | ल | वा | न | | | द |
| म | ह | क | | खा | म | खां | | बी |
| ग्न | | त | ल | ना | | स | फ | र |
| | म | रा | | | | ना | टा | |
| | हि | | स | | | | फ | न |
| | ला | ज | वा | ब | | म | ट | र |
| मां | | ग | | सं | त | ति | | भ |
| | मा | त | ह | त | | | प | क्षी |

## सू-दोकू- 253

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.252का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |